Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take stringent action against christian missionaires allegedly involved in religion conversion in the country.

श्रीमती गोमती साय (रायगढ़): महोदय, धन्यवाद ।

मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण तथ्य की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ, जिसका संबंध सिर्फ धर्मान्तरण से नहीं है, बल्कि देश की आन्तरिक सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है । मैं आपका ध्यान हमारे छत्तीसगढ़ के भारतीय पुलिस सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा अपने मातहतों को लिखे गए पत्र की ओर दिलाना चाहती हूँ । छत्तीसगढ़ के सुकमा जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले की ईसाई मिशनरियों द्वारा संचालित गतिविधियों को लेकर जो पत्र लिखा गया है, वह बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में धर्मान्तरण की स्थिति की भयंकतरता को साफ इंगित करता है ।

महोदय, मैं देश के गृह मंत्री जी के प्रति आभार भी प्रकट करना चाहती हूँ कि उनके द्वारा लगातार बस्तर की हिंसक गतिविधियों की मॉनिटरिंग किये जाने के फलस्वरूप बस्तर की हिंसात्मक गतिविधियों में कमी आई है । केन्द्रीय सुरक्षा बलों के दबाव के फलस्वरूप नक्सली अब बैकफुट पर हैं, किन्तु नक्सलियों से ज्यादा खतरनाक ये ईसाई मिशनरियाँ हैं, जो छत्तीसगढ़ के भोले-भाले वनवासियों को लालच देकर एवं भयदोहन करके धर्मान्तरण कराने में लगे हैं । छत्तीसगढ़ के बीहड़ इलाकों में कई जगह प्रार्थना गृह बनाने का काम चल रहा है ।

महोदय, मैं छत्तीसगढ़ के बनवासी बाहुल्य रायगढ़ लोक सभा के जशपुर क्षेत्र से आती हूँ । हमारा जशपुर जिला पिछले सैकड़ों वर्षों से धर्मान्तरण का दंश झेल रहा है । मैं उस क्षेत्र से हूँ, जो क्षेत्र स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव जी एवं बालासाहब देशपाण्डे जी की कर्मस्थली रहा है । कुमार दिलीप सिंह जूदेव संसद के दोनों सदनों के सदस्य रहे हैं । उन्होंने धर्मान्तरण के विरूद्ध आजीवन लड़ाई लड़ी तथा हिन्दू धर्म छोड़ चुके लाखों परिवारों को ऑपरेशन घर वापसी के माध्यम से वे पुन: अपने धर्म में वापस लाए ।

महोदय, कुमार दिलीप सिंह जूदेव का एक ध्येय वाक्य होता था कि धर्मान्तरण और राष्ट्रान्तरण एक ही सिक्के के दो पहलू हैं । जहाँ-जहाँ धर्मान्तरण हुआ, वहाँ-वहाँ राष्ट्रान्तरण बलवती हुआ है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से चाहती हूँ कि उक्त मिशनरीज द्वारा चलाये जा रहे धर्मान्तरण पर तत्काल रोक लगायी जाए और धर्मान्तरण कराने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए कोई कड़ा कानून बनाया जाए ताकि धर्मान्तरण रुक सके । धन्यवाद ।